हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 13 दिसंबर 2023

तापमान

अधिकतम 25.5 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

11 अंतिम व वंचित व्यक्ति आत्मनिर्भर और विकसित भारत का आधार: डा. बनवारी



12 रेवाड़ी में रंग ला रहा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान



## खबर संक्षेप

### शराब के ठेके पास खड़ी बाइक ले गए चोर

**धारूहेड़ा।** भगतसिंह चौक पर शराब के ठेके के पास खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। पुलिस को दर्ज शिकायत में खलियावास निवासी माधव दास ने बताया कि उसने अपनी बाइक शराब के ठेके के पास खड़ी की थी। इसके बाद वह अपने काम से कहीं चला गया। वापस आने पर उसे बाइक गायब मिली। काफी तलाश करने पर भी बाइक का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद बाइक की तलाश शुरू कर दी।

### बैरियावास में ट्रांसफार्मर का तेल व क्वाइलें चोरी

**रेवाड़ी।** बैरियावास में चोर एक 11 केवी की लाइन पर लगे बिजली ट्रांसफार्मर का तेल व क्वाइलें चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में सब अर्बन डिवीजन के एसडीओ ने बताया कि गांव में कमलेश देवी के नाम से एसओपी का 25 केवी क्षमता का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। ट्रांसफार्मर को जमीन पर गिराकर चोर तेल व क्वाइल चोरी कर ले गए। पुलिस ने बिजली अधिनियम के तहत केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

### कैंटर की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**बावल।** कसोला थाना के करीब एक कैंटर की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस बयान में सुठानी निवासी दीपक ने बताया कि वह अपने दोस्त रिषभ को साथ लेकर बाइक से बनीपुर चौक की ओर जा रहा था। पुलिस थाने के बाद एक तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे रिषभ गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने कैंटर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### अंबेडकर चौक पर लैब के बाहर से बाइक चोर

**रेवाड़ी।** अंबेडकर चौक पर चोर एक लैब के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस को दर्ज शिकायत में साबन निवासी दौलतराम ने बताया कि वह लैब टेक्निशियन का काम करता है। वह घर से लैब पर बाइक लेकर आया था। बाइक लैब के बाहर खड़ी की थी। शाम को घर जाने के लिए बाहर आया तो उसे बाइक गायब मिली। आसपास पता करने के बाद भी बाइक का सुराग नहीं लगा। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### अवैध शराब बेचने के आरोप में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सेक्टर-4 निवासी ईश्वर उर्फ बच्ची अपने घर के सामने शराब बेच रहा था। पुलिस ने उसे मौके पर जाकर काबू कर लिया। उसके कब्जे से पुलिस ने अवैध शराब के 101 पव्वे बरामद किए। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया।

### कंपनी कर्मचारी की बाइक ले गए चोर

**रेवाड़ी।** राजीव नगर में चोर एक पीजी के सामने खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस को दर्ज शिकायत में बावल की एक कंपनी में कार्य करने वाले रोहड़ाई निवासी सोनू ने बताया कि वह राजीव नगर में एक पीजी में रहता है। बाइक को लॉक व टायर का लॉक लगाने के बाद वह कंपनी में चला गया था। वापस आने पर उसे बाइक गायब मिली।

### अभयसिंह चौक पर खड़ा पीओ चढ़ा हत्थे

**रेवाड़ी।** कोर्ट से पीओ घोषित किए जाने के बाद फरार चल रहा एक आरोपी राव अभयसिंह चौक के पास पुलिस के हत्थे चढ़ गया। नूंह के ढाढोली कलां निवासी मुस्तफा को कोर्ट ने चोरी के एक मामले में गत 20 नवंबर को पीओ घोषित किया था। मॉडल टाउन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने मुस्तफा को काबू कर लिया।

### लंबे समय से उपेक्षा के शिकार दो ऐतिहासिक तालाबों का तेजी से हो रहा जीर्णोद्धार

# एक साल में अलग लुक में नजर आएंगे सोलहराही व बड़ा तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर के दो ऐतिहासिक तालाबों की दशा सुधारने के लिए जीर्णोद्धार का कार्य तेजी से किया जा रहा है। दोनों तालाबों की मिट्टी निकालने का कार्य आधा पूरा हो चुका है। अब तालाबों की टूटी दीवारों का बनाने व प्लास्टर करने का कार्य शुरू किया जा रहा है। कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से कराया जा रहा है, जिसके लिए पीडब्ल्यूडी विभाग ने मध्यप्रदेश भोपाल की बीएनएस कंपनी को ठेका दिया है। लंबे समय से उपेक्षा के शिकार शहर के बड़ा तालाब के नाम से विख्यात तेज सरोवर व सेक्टर-1 स्थित सोलहराही तालाब की दयनीय स्थिति बनी हुई थी। सौन्दर्यकरण के बाद दोनों तालाबों का अलग से लुक देखने को मिलेगा। इन तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए हरियाणा पोंड अथॉरिटी की ओर से मंजूरी दी गई थी। दोनों तालाबों के जीर्णोद्धार में करीब 9 करोड़ रुपये की लागत आएंगी। दोनों तालाबों में कंपनी के दो सुपरवाइजरों की देखरेख में 40 के करीब लेबर काम कर रही है। सोलहराही तालाब के सुपरवाइजर गोपाल व बड़ा तालाब के सुपरवाइजर मदन सिंह ने बताया कि कार्य में तेजी लाने के लिए लेबर और बढ़ाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जर्जर हो चुकी कई दीवारों को नए सिरे से बनाया जा रहा है।





रेवाड़ी। बड़ा तालाब में चल रहा दीवारों पर प्लास्टर का कार्य, मिट्टी व गाद निकालने के बाद सोलहराही तालाब। फोटो :हरिभूमि

#### तालाबों से निकली सैकड़ों ट्राली मिट्टी

अक्टूबर माह में शुरू हुए तालाबों के सौन्दर्यकरण के बाद पहले सफाई का कार्य शुरू किया गया। सोलहराही तालाब से अभी तक करीब 900 ट्राली गाद व मिट्टी निकाली जा चुकी है, जबकि अभी काफी मिट्टी निकलनी बाकी है। इससे पहले तालाब की दीवारों को दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है। बड़ा तालाब से गंदगी निकालने के बाद मोटर से पानी निकालने का कार्य किया जा रहा है। तालाब के अंदर कुएं होने का अंदाजा लगाया जा रहा है, क्योंकि पानी निकालने में समय लग रहा है।

#### तालाबों में छोड़ा जा रहा गंदा पानी

दोनों ऐतिहासिक तालाबों में शहर का गंदा पानी छोड़ा जा रहा था। साथ ही आसपास रहने वाले लोग तालाबों में कचरा व अपना घरों का गंदा पानी छोड़कर इनको और भी खराब कर रहे थे। तालाबों के आसपास रहने वाले पशुपालक भी तालाबों को काम में ले रहे थे। पशुपालक तालाबों की दीवारों व छतरियों पर उपले भी बना रहे थे। बरसात के समय शहर में जलभराव से निपटने के लिए नगर परिषद ने सड़कों से तालाब तक अंडरग्राउंड पाइप भी डाल दिए थे, जिससे बरसात व सीवरयुक्त पानी तालाबों में एकत्रित हो रहा था।

#### कई बार टीमों ने किया था तालाबों का निरीक्षण

सोलहराही व बड़ा तालाब के सौन्दर्यकरण को लेकर पहले भी कई प्रयास हुए थे। पुरातत्व विभाग की टीमों ने मौके का जायजा भी लिया था।

मरम्मत के लिए कुछ बजट भी आया था, लेकिन तालाबों का न तो जीर्णोद्धार हुआ और न ही सफाई की गई। अब केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के प्रयासों से शहर के इन दो ऐतिहासिक तालाबों के सौंदर्यीकरण की मंजूरी मिली है, जिसमें दोनों तालाबों की तस्वीर बदलने के साथ ही पानी संचयन की दिशा में भी एक बड़ा कदम उठाया जाना है।

केंद्रीय मंत्री के प्रयास से जल संचयन व पर्यटन के लिए दोनों तालाबों की योजनाओं को हरियाणा पोंड अथॉरिटी को भेजा गया, जिसके बाद अथॉरिटी ने इन ऐतिहासिक तालाबों की योजनाओं के लिए करीब 9 करोड रुपये की मंजूरी प्रदान की। सौंदर्यीकरण के पश्चात इन तालाबों में वर्षा के दौरान पानी भरने और जल संचयन करने की योजना है।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लाभ, हानि से अवगत कराया



रेवाड़ी। मॉडलों की जानकारी लेते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में डिजिटल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य मनोज कुमार ने की। उन्होंने कहा कि एससीईआरटी की ओर से विद्यालयों में टैक स्किल क्लब का गठन करने का उद्देश्य विद्यार्थियों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में रुचि, ज्ञान और नवाचार को बढ़ावा देना है। क्लब प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि डिजिटल मेले कार्यक्रम का उद्देश्य नई शिक्षा नीति-2020 की सिफारिश पर आधारित छात्रों में 21वीं सदी का कौशल विकसित करना है। मेले में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किए। एसएमसी सदस्य दीपिका सोनी तथा कैप्टन फकीरचंद ने डिजिटल मेले का अवलोकन किया। कक्षा 12वीं के छात्र भारत व आर्यन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर अपने विचार रखे तथा इसके लाभ और हानि से अवगत कराया। कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा कुमारी प्रिया ने डिजिटल टेक्नोलॉजी के सही इस्तेमाल पर किसी भी प्रकार के फ्रॉड से बचने की अपील की। इस अवसर पर एबीआरसी दिनेश कुमार, आईटी इंचार्ज बबीता यादव तथा कंप्यूटर शिक्षिका सीमा शर्मा सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।

### पशु चोर गिरोह एक्टिव, कसोली से चौदह बकरियां चोरी

**रेवाड़ी।** सर्दी का मौसम आते ही पशु की चोरी की वारदात एक बार फिर से शुरू हो गई हैं। कसोली में चोर सोमवार की रात एक बाड़े में बंधी 14 बकरियां चोरी कर ले गए। कसोला पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस को दर्ज शिकायत में बकरी पालक कसोली निवासी रामनिवास ने बताया कि वह अपनी बकरियां घर के पास ही खुले बाड़े में बांधता है। सोमवार की रात बकरियों को देखने के बाद वह घर आकर सो गया। सुबह बाड़े में गया तो उसे 14 बकरियां गायब मिलीं।

## धारूहेड़ा में जाम बना आम, लोग परेशान



रेवाड़ी। धारूहेड़ा में लगा जाम।

- बस स्टैंड व फ्लाईओवर के पास अतिक्रमण बन रहा कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेस-वे नंबर-48 व नेशनल हाइवे 919 सोहना-पलवल- रेवाड़ी पर वाहनों के घंटों जाम में फंसे रहना आम हो गया है, जिसके कारण धारूहेड़ा में यातायात व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। जाम की वजह से वाहन सड़क पर रेंगते नजर आ रहे है। कई बार यह जाम करीब दो किलोमीटर लंबा लग जाता है। जाम लगने की मुख्य वजह धारूहेड़ा में प्रवेश करने के लिए फ्लाइओवर की वजह से ट्रैफिक डायवर्जन को बताया जा रहा है। वाहनों के कई घंटों जाम में फंसे रहने के कारण गाड़ी मालिकों के हजारों रुपये के ईंधन का नुकसान हो रहा है। जाम में खड़ी गाड़ियों में तेल जल जाता है। नपा चेयरमैन कंवर सिंह यादव ने कहा कि नेशनल हाइवे ने 6 साल पहले सड़क को चौड़ा करने के लिए बस स्टैंड के साथ भू-मालिकों की पेमेंट भी कर दी है। लोगों को फ्लाइओवर के नीचे लगती जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से की जाने वाली कार्रवाई का इंतजार है। बस स्टैंड के पास से अतिक्रमण हटाने के बाद ही लोगों को जाम से निजात मिल पाएंगी। उन्होंने कहा कि धारूहेड़ा में ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने के लिए रिकवरी वेन का होना भी जरूरी है। दुकानदार सड़क पर वाहन खड़े करते हैं, जबकि धारूहेड़ा में दो पार्किंग है। नपा चेयरमैन ने कहा कि दिल्ली व सोहना रोड पर जाम लगने का कारण बस स्टैंड के साथ व फ्लाईओवर के सामने का अतिक्रमण है।



रेवाड़ी। धारूहेड़ा में सड़क पर खड़े वाहन।

## साढ़े तीन एकड़ में विकसित हो रही कॉलोनियों पर चली जेसीबी

- कॉलोनी काटने वालों में एक बार फिर हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी की टीम ने मंगलवार को हरचंदपुर व रूद्ध राजस्व एरिया में साढ़े 3 एकड़ जमीन पर विकसित हो रही दो अवैध कॉलानियों पर पीला पंजा चलाया। इससे कॉलोनाइजरों में एक बार फिर हड़कंप मच गया है। डीटीपी की कार्रवाई के दौरान पुलिसबल तैनात रहा। बावल-कालड़ावास रोड पर हरचंदपुर राजस्व एरिया में 2 एकड़ व रूद्ध राजस्व एरिया में 1.5 एकड़ जमीन पर अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसके लिए कच्चा रोड नेटवर्क तैयार किया जा चुका था। सूचना मिलने के बाद डीटीपी की टीम मंगलवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंची। दोनों जगहों पर तैयार किए जा रहे रोड नेटवर्क को जेसीबी की मदद से जमींदोज करा दिया गया। पुलिस बल साथ होने के कारण इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ। कॉलोनी काटने वाले लोगों में एक बार फिर से डीटीपी की कार्रवाई शुरू होने से हड़कंप मचा हुआ है। कई कॉलोनाइजर व प्रॉपर्टी डीलर लोगों को कॉलोनी जल्द नियमित होने का झांसा देकर प्लॉट बेचने में कामयाब हो रहे हैं।



रेवाड़ी। अवैध निर्माण हटाती जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

#### नहीं खरीदें अवैध कॉलोनी में प्लॉट

डीटीपी मंदीप सिहाग ने बताया कि सरकार की ओर से कॉलोनियों को नियमित करने की प्रक्रिया चल रही है। इसी का फायदा उठाते हुए प्रॉपर्टी डीलर लोगों को गुमराह करते हुए अवैध कॉलोनियों में प्लॉट बेचने का कार्य कर रहे हैं। लोगों को प्लॉट खरीदने से पहले उनके ऑफिस आकर यह पता करना चाहिए कि जिस कॉलोनी में वह प्लॉट खरीद रहे हैं वह नियमित है या नहीं। अवैध कॉलोनी में प्लॉट खरीदकर निर्माण करने के बाद जब तोड़फोड़ की जाती है, तो लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने कॉलोनाइजरों को चेतावनी दी कि वह किसी भी सूरत में अवैध कॉलोनियों को बढ़ावा नहीं देने देंगे।

## विद्यार्थियों ने आकर्षक मॉडल दिखाएं



रेवाड़ी। प्रदर्शनी में अपने मॉडलों के साथ विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़

शहीद जीतराम राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहड़ में ब्लॉक स्तरीय साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया, जिसमें खंड के करीब 60 विद्यार्थियों ने अपने मॉडल प्रदर्शित किए। यशवंत पाल प्रवक्ता अंग्रेजी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। नरेंद्र कुमार पीजीटी भौतिकी, ज्योति यादव पीजीटी रसायन विज्ञान तथा कृष्ण कुमार विज्ञान अध्यापक ने विज्ञान प्रदर्शनी का संचालन किया। साइंस एग्जीबिशन में कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें हेल्थ, लाइफ, एग्रीकल्चर, पोस्टर मेकिंग, कम्यूनिकेशन एंड ट्रांसपोर्ट, कम्प्यूटेशनल थिकिंग व रोल प्ले कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर प्रवक्ता लता भारती, मोनिका, प्रमोद कुमार, यशवीर सिंह, संजय कुमार, उगएश, सुमन, सोमवीर पीएसआर, पूजा पीसीएम, पीटीआई पवन, सीमा कंप्यूटर टीचर व रविंद्र एलए सहित सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

#### यह रहे प्रदर्शनी के परिणाम

हेल्थ- कक्षा 6 से 8 में दीक्षित जीएसएसएस नाहड़ प्रथम, निशांत एसकेजी भाकली द्वितीय तथा पायल जीएसएसएस नाहड़ तृतीय। कक्षा 9 से 12 में जतिन जीएसएसएस कोसली प्रथम, खुशी जीजीएसएसएस कोसली द्वितीय तथा परी जीएसएसएस नाहड़ तृतीय।

लाइफ-कक्षा 6 से 8 मे जोगिंदर जीएसएसएस नाहड़ प्रथम, वर्षा एसकेजी भाकली द्वितीय स्थान पर रही। कक्षा 9 से 12 तक कुसुमलता नाहड़ प्रथम, दीपांशु जीएसएस नेहरूगढ़ द्वितीय व आशीष नाहड़ तृतीय।

एग्रीकल्चर- कक्षा 6 से 8 में शिवानी कोसली प्रथम, वन्नत नाहड़ द्वितीय व दीपेश जीएमएस खेड़ी तृतीय। कक्षा 9 से 12 में खुशी नाहड़ प्रथम, करीना कोसली द्वितीय व खुशी कोसली तृतीय।

**कम्यूनिकेशन एंड ट्रांसपोर्ट** कक्षा 6 से 8 में मीनाक्षी जीएचएसएस बिसोहा प्रथम, हिना एसकेजी भाकली द्वितीय व दिव्या एसकेजी भाकली तृतीय। कक्षा 9 से 12 में राजेश्वर नाहड़ प्रथम अंश नाहड़ द्वितीय व प्रिंस नाहड़ तृतीय।

**कम्प्यूटेशनल थिकिंग**-कक्षा 9 से 12 में रानी जीएमएसएसएस गुड़ियानी प्रथम, यश नाहड़ द्वितीय व हिमांशु कोसली तृतीय।

**पोस्टर मेकिंग**- कक्षा 6 से 8 में प्रदीप एसकेजी भाकली प्रथम, खुशी जीजीएचएस गुड़ियानी द्वितीय तथा दिवांशी एसकेजी भाकली तृतीय।

**रोल प्ले**- कक्षा 6 से 8 में लक्षिता गुड़ियानी प्रथम व कोविद भाकली द्वितीय। कक्षा 9 से 12 में ममता गुड़ियानी प्रथम व तमन्ना द्वितीय।

### आज आंशिक बादल छाने की संभावना, बरसात के अभी नजर नहीं आ रहे आसार

# मौसम साफ रहने से न्यूनतम तापमान में मामूली वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

लगभग दस दिनों से मौसम साफ चल रहा है। न्यूनतम तापमान में मामूली वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि अधिकतम तापमान स्थिर रहा। मौसम साफ रहने से प्रदूषण का स्तर भी ठीक चल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 13 दिसंबर को आंशिक बादल छा सकते हैं। इसके बाद मौसम एक बार फिर से साफ हो जाएगा। मंगलवार को अधिकतम तापमान में कोई बदलाव नहीं आया। यह 23.5 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर रहा। न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 7 डिग्री पर आ गया। गत वर्ष की तुलना में 12 दिसंबर को तापमान कम रहा। गत वर्ष दिसंबर माह के दूसरे सप्ताह में बरसात भी हुई थी, जिसका इस समय किसानों को बेसब्री से इंतजार है। मौसम रबी की दोनों प्रमुख फसलों गेहूं और सरसों के लिए अनकूल बना हुआ है। अगर दिसंबर माह में अच्छी बरसात होती है, तो यह दोनों फसलों के लिए काफी लाभदायक साबित होगी। किसान बरसात का इंतजार कर रहे हैं। बरसात नहीं होने के कारण उन्हें फसलों की सिंचाई करनी पड़ रही है। बरसात के बाद सरसों की सिंचाई से कुछ दिनों तक राहत मिली रहेगी। मौसम अच्छा रहने के कारण दोनों फसलों के रौनक छाई हुई है, जिससे गेहूं व सरसों का अच्छा उत्पादन होने की उम्मीद जताई जा रही है। मौसम विभाग का अनुमान है कि बुधवार को आसमान में आंशिक बादल छा सकते हैं। बादल छाने के बाद कोहरे का प्रकोप देखने को मिल सकता है। अभी तक कई दिनों से कोहरे से निजात मिली हुई है।

#### दिन के समय खिली रही आसमान में धूप



रेवाड़ी। एक किसान के खेत में खड़ी गेहूं की फसल। फोटो :हरिभूमि

#### प्रदूषण के स्तर में हुआ काफी सुधार

मौसम साफ रहने और दिन के समय तेज धूप खिलने के कारण कुछ दिनों से प्रदूषण की समस्या काफी कम हुई है। मंगलवार को धारूहेड़ा का एक्यूआई 208 दर्ज किया गया, जो पहले की तुलना में काफी ठीक माना जा रहा है। एक्यूआई में कमी लाने के लिए धूल उड़ाने वाले स्थानों पर टैंकरों से पानी की लगातार छिड़काव कराया जा रहा है। मौसम साफ रहने से पड़ोसी कस्बा भिवाड़ी का एक्यूआई भी कम होकर 287 पर आ गया। भिवाड़ी का एक्यूआई अभी तक 300 के पार चल रहा था, जिसका शहर तक असर देखने को मिल रहा था।

## अलग-अलग सड़क हादसों में वृद्धा समेत दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में हुए दो अलगी-अलग सड़क हादसों में वृद्धा व एक युवकी मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उनकी तलाश शुरू कर दी। महेश्वरी के विकास नगर की रहने वाली करीब 66 वर्षीय मीरा देवी मंगलवार सुबह घर की सफाई के बाद एकत्रित कूड़ा डालने के लिए घर से कुछ दूरी पर गई थी। वापस आते समय तेज रफ्तार बस ने मीरा देवी को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बस चालक भिवाड़ी की ओर बस को भगा ले गया। मीरा के बेटे दिनेश ने अपनी मां को भिवाड़ी के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

#### बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बावल।** असाही फ्लाईओवर पर एक तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। रेवाड़ी के मोहल्ला कुतुबपुर में रहने वाला मूल रूप से राजस्थान के नसोपुर निवासी विपिन बाइक से संगवाड़ी से बावल की ओर जा रहा था। फ्लाईओवर पर बाइक को बोलेरो ने टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने उसे एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।





## खबर संक्षेप

### लोन की राशि हड़पने वाले दो पकड़े

**पानीपत।** थाना शहर पुलिस ने विद्यानंद कॉलोनी निवासी महिलाओं को स्कीम के तहत लोन दिलाने के नाम पर दस्तावेज लेकर धोखाधड़ी से लोन की तीन लाख की राशि हड़पने के मामले में गिरोह के दो आरोपियों नरेंद्र निवासी सौंदापुर चौक जाटल रोड पानीपत व महताब निवासी कैराना शामली को काबू किया। पुलिस ने आरोपी नरेंद्र के कब्जे से 45 हजार व एटीएम कार्ड बरामद किए है।

### गैस भरते हुए वैन में आग लगी

**समालखा।** पानीपत के गांव पट्टीकल्याण जीटी रोड स्थित सीएनजी पंप पर मंगलवार को अचानक से गाड़ी में सीएनजी भरते हुए ब्लास्ट हो गया तथा कार में आग लग गई। ब्लास्ट इतना भयानक था कि साथ खड़ी एक वैन को भी अपने चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

### यूनिसेफ स्थापना दिवस मनाया

**पानीपत।** बाल विकास एवं बाल अधिकार संरक्षण को समर्पित संस्था यूनिसेफ स्थापना दिवस आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में मनाया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के कोषाध्यक्ष महताब मलिक रहे व आर्य समाज काबडी के उप प्रधान ओम दत्त आर्य विशिष्ठ अतिथि रहे। अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान आर्य ने की।

### हादसे में हुई मौत के मामले में चालक काबू

**बराड़ा।** सडक़ दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी दलीप कुमार को काबू कर लिया है। परिवादी शिव कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28 नवंबर 2023 को सांई बाबा मंदिर के पास आरोपी वाहन चालक ने लापरवाही व तेज गति से वाहन चलाते हुए उसके चचेरे भाई अजय को टक्कर मारी जिससे उसकी मौत हो गई।

### 71 कन्याओं को वितरित की जैकेट

**लाडवा।** लाडवा के राजकीय वरिष्ठ कन्या माध्यमिक विद्यालय की 71 कन्याओं को समाजसेवी राजेश गर्ग की पत्नी शिखा गर्ग की ओर से सर्दी को देखते हुए जैकेट वितरित की गई। विद्यालय के प्राचार्य रामपाल सरोहा ने कहा कि इस समय सर्दी का सीजन शुरू हो गया है और सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली कुछ जरूरतमंद कन्याएं जो छठी कक्षा से 11वीं कक्षा तक में पढ़ती है।

# शिल्पकारों की कला के मुरीद हुए देश-विदेश के पर्यटक

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में पहुंचने लगे है शिल्पकारों की कला के कद्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में ब्रह्मसरोवर के चारों ओर शिल्पकारों व दस्तकारों का बाजार सज चुका है। देश के विभिन्न हिस्सों से दस्तकार अपनी-अपनी कला के नमूने शिल्प और सरस मेले में ब्रहमसरोवर के पावन तट पर प्रदर्शित कर रहे है और हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ साथ पड़ोसी राज्यों के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। विभिन्न राज्यों के दस्तकारों व शिल्पकारों के इस एकीकरण से कला के कदरदान भी अपनी पसंद की कलात्मक वस्तुओं का चयन करने में पूरा समय लगा रहे हैं और महोत्सव का भरपूर फायदा लेते हुए जमकर खरीदारी कर रहे हैं। विभिन्न राज्यों से आये दस्तकारों व शिल्पकारों के चेहरे भी भीड़ देखकर खुश थे, क्योंकि दस्तकारों के लिए अपनी कला को प्रदर्शित करने का महोत्सव एक बड़ा अवसर उपलब्ध करवाता है। गीता महोत्सव के सरस और शिल्प मेले में विभिन्न राज्यों से आए दस्तकार व शिल्पकार जो अपने-अपने राज्यों की कला विशेष को प्रस्तुत किए हुए है, उनमें देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के बनारस से आए दस्तकार कडुआ बूटी प्रिंटिंग वाली मशहूर बनारसी साड़िया, इसी राज्य के मनका युक्त आर्टिफिशियल आभूषण व चाइना मिट्टी से बने सेरामिक कोटरी व हैंड पेंटेड क्राकरी, पश्चिम बंगाल की विशेष टेराकोटा मिट्टी व लकड़ी से बनी दस्तकारी के सजावटी सामान, राजस्थान की वेलवेट परहैंड मेड वाटर कलर पेंटिंग, गुजराती दस्तकारों द्वारा सूती कपड़े पर हाथ की छपाई वाले आकर्षक डिजाइन से तैयार बेड शीट, सोफा कवर, पर्दे, तकिया कवर इत्यादि शामिल है, को पर्यटक खुब पसंद कर रहे हैं। महोत्सव में इसी तरह पश्चिम बंगाल के सूखे सजावटी व आकर्षक फूल, आसाम के दस्तकारों द्वारा बम्बू से बनाई सजावटी व घरो में प्रयोग होने वाली वस्तुएं, उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ की ब्रास मेटल की आकर्षक मूर्तियां व अन्य कलाकृतिया, पंजाब की मशहूर फुलकारी के डिजाइन वाले वस्त्र, हरियाणा की हैंड एम्ब्रॉयडरी, राजस्थान के दस्तकारों द्वारा बनाई पत्थर की आकर्षक मूर्तियां, कश्मीर के दस्तकारों को विशेष पहचान दिलाने वाली पश्मीना शाल व कश्मीरी वस्त्र तथा देवभूमि हिमाचल के दस्तकारों द्वारा बनाई गई विशेष हिमाचली टोपी व अन्य डिजाइनर हाथ की कढ़ाई वाले गर्म कपड़े पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।



### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव से मिल रही अनोखी पहचान

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के कारण ही धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र को शिल्प और लोक कला केंद्र के रुप में एक अनोखी पहचान मिल रही है। इस गीता स्थली कुरुक्षेत्र की गोद में देश की लगभग सभी राज्यों की लोक कला और संस्कृति समा गई है। इस लोक कला और संस्कृति को देखने के लिए हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक कुरुक्षेत्र पहुंच रहे हैं। इस वर्ष भी गीता महोत्सव के मंच पर देश के विभिन्न राज्यों से 800 से ज्यादा शिल्पकार पहुंचे हैं और देश के 13 से ज्यादा राज्यों के लोक कलाकार अपने-अपने प्रदेश की संस्कृति की छटा बिखेर रहे थे। इस धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र को शिल्प और लोक कला केंद्र के रुप में पहचान दिलाने का सारा श्रेय मुख्यमंत्री मनोहर लाल को जाता है। धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र के ब्रहमसरोवर और आसपास के क्षेत्र को देखकर ऐसा लग रहा है मानों भारतवर्ष की संस्कृति व शिल्पकला एक लघु भारत के रुप में ब्रहमसरोवर पर उमड़ आई हो। गीता महोत्सव में अनेक राज्यों से आए कलाकार अपनी हस्तकला के माध्यम से अपनी कला का हुनर दिखा रहे हैं।



### साइकिल चक्की से मिनटों में पिस जाएगा गेहूं, साथ में बनी रहेगी सेहत

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में सुरेश कुमार साइकिल वाली चक्की लेकर आए है। इस मशीन से आटा पीसने के कारण, एक तो शारीरिक व्यायाम भी हो जाता है। इस चक्की को साइकिल की तर्ज पर तैयार किया गया है। चक्की पर भी पैडल लगाए गए हैं। करीब एक घंटा साइकिल वाली चक्की को चलाकार चार से साढ़े चार किलो अनाज आसानी से पीसा जा सकता है। इतना ही नहीं चक्की में अनाज को मोटा पीसना है या बारीक, इसके लिए भी विकल्प दिया हुआ है। अनाज पीसने के साथ-साथ शरीर की कैलोरी भी बर्न होगी। सुरेश कुमार ने बताया कि उसने सबसे पहले साइकिल वाली चक्की 2020 में बनाई थी। उसने एक साइकिल खरीदी और उसे आधे हिस्से में काटकर आगे वाले हिस्से में एक चक्की फिट कर दी, लेकिन अनाज पीसने के लिए आगे पत्थर लगे होने के कारण वह काफी भारी चलती थी, जिससे चलाने वाला बहुत जल्दी थक जाता। ऐसे में उसने साइकिल में एक गियर बॉक्स डाल दिया, जिससे कि अनाज की पिसाई के समय पैडल आसानी से घूमने लगे। साइकिल वाली इस चक्की को हाथ से भी चलाया जा सकता है। सुरेश ने बताया कि साइकिल वाली चक्की में पिसाई के लिए जिन पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है। वह पहाड़ों की मजबूत चट्टान का है। यह पत्थर इतनी आसानी से नहीं टूटता। साइकिल वाली चक्की सालों साल चलने वाली है।





कुरुक्षेत्र। प्रस्तुति देते गतका पार्टी के सिख। फोटो : हरिभूमि

### प्रदर्शनी में नजर आएगी हरियाणा के विकास की तस्वीर

- प्रदेश सरकार के पिछले 9 साल के बड़े प्रोजेक्ट और योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा

मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव तथा सूचना जनसम्पर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में हरियाणा के विकास की तस्वीर नजर आएगी। इस राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार के पिछले 9 साल के बड़े प्रोजेक्ट और योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा कुरुक्षेत्र 48 कोस के तीर्थों, महाभारत के 18 अध्यायों, गीता के उपदेशों को दर्शाया जाएगा और सेल्फी प्वाइंट भी रखे जाएंगे। महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल मंगलवार को राज्यस्तरीय प्रदर्शनी की तैयारियों को लेकर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य स्तरीय प्रदर्शनी की सभी तैयारियां और विभागों के द्वारा सभी स्टॉल 16 दिसंबर को सायं 5 बजे तक तैयार किए जाने है। इसलिए निर्धारित समयावधि में सभी तैयारियां पूरी करना सुनिश्चित करेंगे। इस राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का उदघाटन 17 दिसंबर को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे।

### सजने लगा असम प्रदेश की संस्कृति का मंच

ब्रहमसरोवर के पावन तट पुरुषोतमपुरा बाग में असम प्रदेश की संस्कृति का मंच सजने लगा है। यह मंच अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 के अवसर पर लगने जा रहा है। इस बार असम प्रदेश की सरकार ने महोत्सव में पार्टनर राज्य की भूमिका अदा की है। इसलिए असम सरकार की तरफ से ब्रहमसरोवर के फ्लैग ग्राउंड में असम पवेलियन की स्थापना की जा रही है। इस पवेलियन का शुभारंभ 17 दिसंबर को किया जाएगा और 24 दिसंबर तक लोग इस पवेलियन का अवलोकन कर सकेंगे। अतिरिक्त उपायुक्त एवं केडीबी सीईओ अखिल पिलानी ने बातचीत करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में हर वर्ष किसी ना किसी राज्य को पार्टनर राज्य के रुप में आमंत्रित किया जाता है।





कुरुक्षेत्र। महोत्सव के दौरान मटके पर खड़े होकर प्रस्तुति देते कलाकार। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को भी उंगलियां चबाने पर मजबूर कर दिया। फोटोः हरिभूमि

## स्मैक सहित युवक को पुलिस ने किया काबू

- आरोपी से बरामद हुई 34.55 ग्राम स्मैक

**यमुनानगर।** थाना छप्पर पुलिस ने गांव कलावड़ टी प्वाइंट से कार में नशीले पदार्थ की सप्लाई करने जा रहे युवक को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान आरोपी से 34.55 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना छप्पर पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव कलावड़ निवासी अवनीश उर्फ किन्नू नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करता है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने गांव कलावड़ के पास नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद उन्हें एक कार आती दिखाई दी। जब पुलिस टीम ने कार को रोककर उसकी तलाशी ली तो कार से 34.55 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

## शुगर मिल के पीछे संदिग्ध हालत में मृत मिले दो युवक

**शाहबाद।** हल्की शाहाबाद के शुगर मिल के पीछे दो युवकों को संदिग्ध हालत में मृत पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक सुबह 8 बजे सामुदायिक अस्पताल में 108 नंबर से फोन आया कि शुगर मिल के पीछे जनदेहडी रोड पर दो युवक मृत अवस्था में पड़े है। मृतकों की पहचान सतनाम सिंह मोहल्ला माजरी उम्र लगभग 40 वर्ष और दूसरा युवक गांव जंधेड़ी का बताया जा रहा है । ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि युवकों ने रात को कोई नशा किया है और पूरी रात ठंड के कारण उनकी मौत हो गई है। दोनों युवको के शवों को नागरिक अस्पताल के शव ग्रह में रखा गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए एलएनजेपी कुरुक्षेत्र भेजा जाएगा। उसके उपरांत परिजनों को शव सुपुर्द कर दिए जाएंगे।

## युवक दो बच्चों की मां को लेकर फरार

### महिला घर से जेवर, 53 हजार व बैंक की पासबुक साथ लेकर गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- महिला के पति ने आरोपी युवक पर लगाया पत्नी को शादी का झांसा देकर अगवा करने का आरोप

गांव मलिकपुर निवासी जोनी दो बच्चों की मां को शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया। महिला घर से जेवर, 53 हजार रुपये व बैंक की पासबुक भी साथ लेकर गई। पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार साढौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास दो बच्चे हैं। उसकी 32 वर्षीय पत्नी तीन दिसंबर को किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला।

### पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया

जांच के दौरान उसे पता चला कि उसकी पत्नी को गांव मलिकपुर निवासी जोनी शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## कार की टक्कर लगने से साइकिल चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के शादीपुर-करेहड़ा रोड पर कार की टक्कर लगने से साइकिल चालक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिहार के जिला छपरा निवासी नीलमनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ शादीपुर सरकारी स्कूल के पास किराये के मकान में रहता है। उसका पिता चंदेश्वर प्रसाद प्लाईवुड फैक्टरी में मेहमन मजदूरी करते थे। नौ दिसंबर को शाम साढ़े छह बजे उसका पिता फैक्टरी से काम खत्म करके साइकिल पर घर लौट रहा था। जब वह शादीपुर करेहड़ा रोड पर पहुंचा तो तेज गति से आ रही कार ने उसके पिता की साइकिल को टक्कर मार दी। जिससे उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसके पिता को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रैफॅर दिया। जहां पर इलाज के दौरान उसके पिता की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### सुबह नौ बजे तक घने कोहरे में सड़कों पर रेंगते रहे वाहन

# कंपकपाती ठंड ने जनजीवन किया अस्त व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- मौसम में ठंड़ बढ़ने से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए

जिले में पिछले कई दिन से घना कोहरा छाए रहने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। मंगलवार को तीसरे दिन भी सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहा और शीतलहर चलने से मौसम में ठंड बढ़ गई। मौसम में ठंड़ बढ़ने से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। आलम यह है कि पिछले कई दिन से सुबह के वक्त लोगों को अपने गंतव्य पर पहुंचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, ठंड की ठिठुरन में नन्हें मुन्ने बच्चों को ठिठूरते हुए अपने स्कूलों में पहुंचना पड़ रहा है। मंगलवार अलसुबह तीन बजे से ही जिले में घना कोहरा छा गया था और शीतलहर चल रही थी। सुबह नौ बजे तक जिले में घना कोहरा छाया रहने से लोग परेशान रहे। सुबह दस बजे के करीब अच्छी धूप निकलने पर लोगों ने घरों से बाहर निकलकर किसी तरह अपने कामकाज निपटाए। सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने से जहां ट्रेने अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची। वहीं, बसों की रफ्तार भी धीमी रही और वह अपने गंतव्य पर देरी से पहुंची।



यमुनानगर। मंगलवार सुबह के वक्त घने कोहरे के बीच सड़कों पर रेंगते वाहन।

### बाजारों में ग्राहकों की कम रही आवक

पिछले कई दिन से पड़ रही ठंड की वजह से बाजारों में ग्राहकों की कमी दर्ज की गई है। मंगलवार को बाजारों में ग्राहक कम संख्या में पहुंचे। जिससे दुकानदारी ठंडी रही। दुकानदार विक्रांत, सुनील, अमित सैनी व विशाल आदि ने बताया कि पिछले कई दिन से मौसम काफी खराब चल रहा है। जिसकी वजह से बाजारों मे ग्राहकों की कमी होने लगी है। दोपहर के वक्त ही ग्राहक अपने घरों से बाहर निकल रहे हैं। मंगलवार को घना कोहरा छाए रहने से जिले का अधिकतम तापमान घटकर 22 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम मात्र 6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

## चोरी करने के तीन आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- आरोपियों से लोहा पाइप, नकदी और वारदात में इस्तेमाल ई रिक्शा बरामद

सीआईए-1 की टीम ने चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से नकदी सहित सामान व ई-रिक्शा बरामद की गई है। टीम इंचार्ज ए स आ ई अनिल कुमार के नेतृत्व में वि श्व स नी य सूचना पर आरोपी बबलू निवासी हकीकत नगर करनाल, प्रवीण कुमार उर्फ पन्नू निवासी मुखाल हाल किरायेदार शिव कॉलोनी करनाल और प्रद्युम निवासी शिव कॉलोनी करनाल को नई सभी मंडी रोड करनाल से गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा छह लोहे की पाइप, दो हजार नकद राशि व वारदात में इस्तेमाल ई रिक्शा बरामद की गई। जांच में पाया गया कि आरोपियों ने शिकायतकर्ता रामकुमार निवासी खेड़ा कॉलोनी करनाल की फैक्टरी जोकि कंबोपुरा में स्तिथ है से बतीश लोहे की पाइप व अन्य सामान चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। जिस संबंध में थाना मधुबन में चोरी की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की आगामी तफ्तीश में एएसआई सतीश सीआईए वन की अध्यक्षता में पूछताछ में पाया गया कि तीनों आरोपी नशा करने के अत्यधिक आदी है। आरोपियों ने नशापूर्ति के लिए ही इस चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।



करनाल। पुलिस टीम की गिरफ्त में आरोपी।

## खबर संक्षेप



### ठगी की वारदात में संलिप्त एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** साइबर थाना पुलिस ने वाट्सएप से वीडियो काल कर अश्लील वीडियो बनाकर ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला अलवर के गांव हरसौली हाल आबाद केवीएस रेजिडेंशियल क्वार्टस गांधी नगर जयपुर निवासी अजय उर्फ आर्यन के रूप में हुई है। साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में गांव कापड़ीवास निवासी सुंदरपाल ने बताया कि उनका अपना व्यवसाय है।



### कुपोषण व स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**रेवाड़ी।** केरी इनग्रेडिएंट्स इंडिया कंपनी की ओर से सीएसआर गतिविधि के तहत विद्यालयों में महावारी स्वच्छता अभियान एवं कुपोषण विषय पर बच्चों के साथ सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को बालाजी पब्लिक स्कूल चांदपुर की ढाणी व कोनसीवास रोड स्थित केंद्रीय विद्यार्थियों को कुपोषण व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कंपनी के एचआर विभाग से संदीप शर्मा व टीम में शिल्पा, गौरव व मनीषा ने विद्यार्थियों को जागरूक किया। डा. कमलेश, एएनएम दीपिका, व काउंसलर नमिता ने किशोरियों को माहवारी प्रबंधन के बारे में संपूर्ण जानकारी दी।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**रेवाड़ी।** अलावलपुर एक युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार गांव के करीब 35 वर्षीय युवक कुलदीप मॉडल टाउन थाना एरिया में रह रहा था। संदिग्ध हालत में जहरीला पदार्थ खा लिया। पता चलने के बाद परिजन उसे अस्पताल ले गए। अस्पताल में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सामान्य अस्पताल से पोस्टमार्टम करा दिया।

### जनस्वास्थ्य मंत्री ने गांव हुसैनपुर व खोरी में लाभार्थियों से किया संवाद

# अंतिम व वंचित व्यक्ति आत्मनिर्भर और विकसित भारत का आधार

भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वप्न को साकार करने की दिशा में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम निर्णायक सिद्ध हो रहे है। भारत देश विकास के मार्ग पर चल पड़ा है और हम सब मिलकर 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाएंगे उसके लिए सभी को स्वदेशी, स्वावलंबी आत्मनिर्भर बनना होगा। सहकारिता मंत्री मंगलवार को बावल विधानसभा क्षेत्र के गांव हुसैनपुर व खोरी में बतौर मुख्य अतिथि जनसंवाद कार्यक्रम में शिरकत कर रहे थे।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि अंतिम व वंचित व्यक्ति



रेवाड़ी। लोगों को शपथ दिलाते हुए डा. बनवारी लाल। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। स्टॉल पर जानकारी लेते सहकारिता मंत्री। फोटो : हरिभूमि

आत्मनिर्भर और विकसित भारत का आधार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की जनता के लिए केन्द्र सरकार की ओर से उज्ज्वला गैस कनेक्शन, सुकन्या समृद्धि योजना, जनधन खाता, आयुष्मान भारत, किसान फसल बीमा योजना सहित अनेक योजनाएं समाज के अंतिम व वंचित पात्र व्यक्ति तक सीधे पहुंच रही है।

#### महिलाओं को जोड़ रहा आजीविका मिशन

कार्यक्रम के दौरान मेरी कहानी-मेरी जुबानीह्न के माध्यम से अपने-अपने अनुभव सांझा करते हुए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने कहा कि सरकार की ओर से महिला सशक्तिकरण व स्वावलंबन को लेकर चलाया जा रहा हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन महिलाओं को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने में कारगर सिद्ध हो रहा है। लाभार्थियों ने बताया कि एचएसआरएलएम के तहत जिले में अनेक महिलाओं ने सरकार की इस योजना का लाभ उठाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि हरियाणा ग्रामीण आजीविका मिशन ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हुए उनकी स्थिति को आर्थिक रूप से सुदृढ़ किया है। वह आज ब्यूटी पार्लर, सिलाई-कढ़ाई, अटल सेवा केंद्र, मिनी डेयरी जैसे स्वरोजगार अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही हैं।

#### सुझाव पेटिका से लिए जा रहे लोगों के सुझाव

जनसंवाद कार्यक्रम स्थल पर जिला प्रशासन की ओर से सुझाव पेटिका लगाकर लोगों के सुझाव भी प्राप्त किए जा रहे हैं ताकि सरकार उनको अमल में ला सके। लोग अपने सुझाव एक कागज पर लिखकर इस सुझाव पेटिका में डाल सकते हैं, जिन्हें बाद में सरकार के पास पहुंचाया जाएगा। कोई भी व्यक्ति अपने सुझावों को इस सुझाव पेटिका में डाल सकते हैं, जिसके बाद हर रोज इस पेटिका खोला जाएगा और इसमें दिन भर में आए हुए सुझावों को पढ़कर उन पर गौर करते हुए अमल किया जाएगा। किसी भी व्यक्ति के पास ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए कोई अच्छा सुझाव हो तो वह इस सुझाव पेटिका में डाल सकते हैं। डा. बनवारी लाल ने लोगों को हमारा संकल्प विकसित भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ भी दिलाई।

#### इनकी रही कार्यक्रम में उपस्थिति

इस अवसर पर एसडीएम होशियार सिंह, नपा बावल वाइस चेयरमैन अर्जुन चौकन, संदीप शर्मा बीडीपीओ रेवाड़ी, भाजपा खोल मंडलाध्यक्ष जितेंद्र यादव, भाजपा बावल मंडलाध्यक्ष अमरजीत, दीपक कुमार सरपंच प्रतिनिधि हुसैनपुर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व अधिकारी मौजूद थे।



रेवाड़ी। शिविर में मरीजों की मरीजों को जांच करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### शिविर में 80 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर दवा दी

**कुंड।** कुंड बैरियर पर मंगलवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। न्यूरो प्राइम न्यूरो स्पाइन एवं सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की ओर से आयोजित शिविर का उद्घाटन समाजसेवी विजयपाल बैरियर ने किया। शिविर में सांस, दमा, खासी के 80 मरीजों की निःशुल्क जांच करके दवा वितरित की गई। डॉ. अमित शर्मा ने नर्सिंग स्टाफ कोमल, पूनम व सपना के साथ मरीजों की जांच की। शिविर में ईसीजी, खून, ब्लड शुगर तथा सांस की जांच स्पायरोमीटर से की गई। इस अवसर पर डॉ. अमित ने कहा कि सभी सर्दी के मौसम में ठंडे खाने व ठंडे पानी बचाव रखें। सुबह के समय घर से निकलने से पहले अपने आपको गर्म कपड़ों से ढककर रखे। सावधानियां बरतने से सर्दी में होने वाली बीमारियों से बचने के अलावा अस्पताल में जाने से भी छुटकारा पाया जा सकता है। शिविर में पवन यादव, उमेश शर्मा व कुनाल शर्मा सहित अनेक लोगों ने सहयोग किया।



रेवाड़ी। वीरांगना को अंतिम सलामी देती पुलिस की टुकड़ी। फोटो :हरिभूमि

### स्वतंत्रता सेनानी की वीरांगना का सम्मान से अंतिम संस्कार

**कोसली।** आजाद हिन्द फौज में रहे गांव लिलोढ़ निवासी स्वतंत्रता सेनानी अमर सिंह की वीरांगना लाली देवी का निधन हो गया। 80 वर्षीय लाली देवी कुछ समय से बीमार चल रही थी। मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। इससे पूर्व कोसली पुलिस की टुकड़ी ने वीरांगना को अंतिम सलामी दी। उनके अंतिम संस्कार में जिला पार्षद विनोद गोला, ब्लॉक समिति सदस्य इंद्रजीत, सरपंच प्रतिनिधि भगवान देव, कर्नल विजय सिंह, तहसीलदार सज्जन सिंह, डीएसपी जय सिंह, एसएचओ राजेंद्र कुमार व नाहड़ चौकी प्रभारी गुलाब सिंह सहित गांव के गणमान्य लोग मौजूद थे। लाली देवी अपने पीछे तीन बेटों व दो बेटियों का भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई है।

## एम्स संघर्ष समिति ने किया जनसम्पर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

एम्स संघर्ष समिति की ओर से मंगलवार को 17 दिसंबर को होने वाली महापंचायत के लिए गांवों में ग्रामीणों को निमंत्रण दिया गया। समिति का धरना पुरानी उप तहसील मनेठी में 72वें दिन भी प्रधान श्योताज सिंह की अध्यक्षता में जारी रहा। वक्ताओं ने सरकार से माजरा एम्स के जल्द शिलान्यास करके निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की। निर्माण कार्य शुरू होने से पहले एमबीबीएस कक्षाएं और ओपीडी शुरू की जाए। वक्ताओं ने कहा कि माजरा एम्स की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, इसलिए सरकार तुरंत संबंधित कंपनी को वर्क ऑर्डर जारी करे ताकि पिछले



9 साल से परियोजना का इंतजार कर रही क्षेत्र की जनता का सपना पूरा हो सके। धरने पर डा. एच डी यादव, सूबेदार दिलबाग सिंह, रामकुमार निमोठ, मास्टर लक्ष्मण सिंह, मास्टर दयाराम, अमर सिंह राजपुरा, मूलचंद आर्य, जगदीश शर्मा पाड़ला, बाबू कैलाश यादव मनेठी, जितेंद्र शर्मा सेवानिवृत्त हेडमास्टर, सतप्रकाश गोयल, रामस्वरूप अहरोदिया व छाजूराम पाड़ला ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर लाल सिंह निमोठ, पुष्पेंद्र शर्मा अहरोद, नंदराम बासदूदा, महावीर कोलाना, नीरज नंबरदार खोरी, राजेन्द्र, भूपसिंह भटेडा, देशराज बीरनवास, तुलाराम महतावास, कंवल सिंह, राजबीर नंबरदार नांगल, संतोष, मथुरा, कौशल्या, कमला, गिंदोड़ी व संतरा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## दिव्यांगजनों की सेवा नारायण सेवा के समान

- सहकारिता मंत्री ने 550 वरिष्ठजनों व दिव्यांगजनों को वितरित किए 1.20 करोड़ के सहायक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि वृद्धजनों व दिव्यांगजनों की सेवा नारायण सेवा के समान है। उन्होंने कहा कि वृद्धजन व दिव्यांगजन हमारे ऊपर किसी प्रकार से बोझ नहीं हैं, बल्कि समाज का वह अभिन्न अंग हैं और इनकी सेवा करना हमारा परम धर्म है। सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल मंगलवार को बाल भवन में जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय व अरावली पावर कंपनी प्रा. लि. के तत्वावधान में सीएसआर स्कीम के तहत वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण कर रहे थे। डा. बनवारी लाल ने इस अवसर पर 550 वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगजनों को अपने हाथों से 1 करोड़ 20 लाख रुपए राशि के सहायक उपकरण वितरित किए। उन्होंने कहा कि सरकार हैप्पीनेस इंडेक्स को बढ़ावा दे रही है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार का प्रयास है कि वृद्धजन व दिव्यांगजन समाज की मुख्यधारा से जुड़े रहें, इसके लिए सरकार उनका सहारा बनी हुई है और हरसंभव मदद दे रही है। सरकार वरिष्ठजनों व दिव्यांगजनों के जीवन को सरल व सुगम बना रही है। सरकार का प्रयास है कि बुजुर्गों व दिव्यांगों को हर जरूरी सुविधा दी जाए ताकि उनका जीवन यापन सही ढंग से हो सके।



रेवाड़ी। दिव्यांगों की बेटरी रिक्शा भेंट करते डा. बनवारी लाल। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गरीबों को उनका हक दे रही है। इस अवसर पर एसडीएम होशियार सिंह, नोडल अधिकारी एसके रथ, सीएसआर नोडल अधिकारी सीएसआर स्मृति, रेडक्रास सचिव महेश गुप्ता, जीएम एफजीडी एपीसीपीएल राकेश शर्मा, डा. योगेश्वर कुमार व जतिन शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## नशे के दलदल से बचकर देश व समाज के निर्माण में योगदान दें युवा: मुकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस की की ओर से मंगलवार को गांव पुंसिका में वालीबॉल व कबड्डी मैच का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रबंधक थाना रामपुरा मुकेश कुमार, एचसी सतबीर, गांव पुंसिका सरपंच सतपाल, रिटायर्ड सूबेदार भूप सिंह, जगदीश, मंजीत व पवन पंच सहित गांव के अन्य मौजिज व्यक्ति व खिलाड़ी मौजूद थे। रामपुरा एसएचओ ने सभी खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए मोटिवेट किया तथा विजेता टीमों को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर एसएचओ ने युवाओं को नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में बढ़ चढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए जागरूक किया गया और लोगों से नशा बेचने वालों, नशे का व्यापार करने वालों और किसी भी आपराधिक घटना के बारे में पुलिस को सूचित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवा नशे के दलदल से बचे



तथा देश व समाज के निर्माण में अहम योगदान दे। सभी नशे से दूर रहे और नशा न करें। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस की ओर से खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखना है ताकि वह शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बन सकें।

## नशे की रोकथाम के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- महिला थाना एसएचओ ने छात्राओं को पोक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण के मार्गदर्शन में जिला पुलिस की ओर से मंगलवार को सरकारी व निजी स्कूलों में विद्यार्थियों व शिक्षकों को महिला सुरक्षा, महिला विरुद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्मरक्षा, नशे की रोकथाम, साइबर अपराध से बचाव व यातायात के नियमों की पालना को लेकर जागरूक किया गया। महिला थाना प्रभारी अनीता देवी, दुर्गा शक्ति टीम तथा महिला पुलिस कर्मचारियों की टीमों ने स्कूलों में जानकारी दी। महिला थाना एसएचओ ने छात्राओं को पोक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी।



रेवाड़ी। छात्राओं व शिक्षकों को जानकारी देते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने बताया कि एक्ट किस प्रकार से 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को संरक्षण प्रदान करता है। पुलिस की टीमों ने छात्राओं को एक महिला को प्रदान की जाने वाली कानूनी सहायता व सुरक्षा बारे भी अवगत कराया। छात्राओं को 112 इंडिया एप, दुर्गा शक्ति और महिला हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई। महिला पुलिस कर्मियों ने कहा कि किसी भी सूरत में महिला अपराध को न सहे तथा इन अपराधों के प्रति आवाज उठाकर पुलिस का सूचित करें। पुलिस की ओर से तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। एसपी दीपक सहारण ने कहा कि राहगिरी, खेलकूद प्रतियोगिता व अन्य जागरूकता के कार्यक्रमों के माध्यम से सभी थानाधिकार क्षेत्रों में महिला सुरक्षा, महिला विरुद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्मरक्षा, अपराधों व नशे की रोकथाम के लिए आमजन को जागरूक किया जा रहा है।

### कोसली क्षेत्र के गांव से युवती लापता

- कोसली पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज किया

**कोसली।** उपमंडल के गांव के एक व्यक्ति ने अपनी बेटी की गुमशुदगी का मामला कोसली थाने में दर्ज कराया है। पीड़ित पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी 27 वर्षीय बेटी सोमवार रात करीब 12 बजे के आसपास घर से बिना बताए चली गई। उनका लड़का रात करीब 1.30 बजे कंपनी में ड्यूटी कर घर आया तो उसने देखा की दरवाजे खुले हुए है। बाद में देखा तो उनकी लड़की घर पर नहीं थी। पिता ने किसी पर कोई संदेह नहीं जताया है। कोसली पुलिस ने उनकी सूचना पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की है।

### सत्तर पार वालों को टिकट के आसार कम, तीन माह बाद तिहत्तर के हो जाएंगे राव

## भजन की राजस्थान में ताजपोशी उम्रदराज नेताओं के लिए खतरे की घंटी

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

भाजपा की ओर से मंगलवार को राजस्थान और मध्यप्रदेश में दो ऐसे चेहरों को दोनों प्रदेशों की कमान सौंपी गई है, जिनके बारे में अधिकांश लोगों ने कल्पना तक नहीं की थी। वसुंधरा और शिवराज चौहान जैसे दिग्गजों को सीएम पद से वंचित रखते हुए पार्टी हाईकमान ने आगामी लोकसभा चुनावों में सत्तर की उम्र पार कर चुके नेताओं के लिए एक बार फिर से मैदान में उतरने की उम्मीदों पर पानी फेरने के संकेत दे दिए हैं। उम्र की सीमा को देखते हुए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत



राव इन्द्रजीत सिंह।



मनोहर लाल।



सुधा यादव।



अरविंद यादव।

सिंह की टिकट पर संशय नजर आने लगा है। राव अगले वर्ष 11 फरवरी को 73 साल के हो जाएंगे। दो साल पूर्व ही जब भाजपा हाईकमान ने संकेत दिए थे कि पार्टी सत्तर पार की उम्र वाले नेताओं को खास परिस्थितियों को छोड़कर चुनाव नहीं लड़ाएगी, तो उसी समय इस कैटेगिरी में आ चुके राव ने 'अभी तो मैं फिट हूं' शब्द के साथ सफाई देना शुरू कर दिया था। राव ने दो साल पहले ही यह कहना शुरू कर दिया था कि अब तो वह भाजपा के रंग में रंग गए हैं, परंतु वास्तव में ऐसा नहीं हुआ। प्रदेश सरकार के कामकाज को लेकर अभी तक उनकी जुबान पर खुलकर दो शब्द तक नहीं आए हैं। गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र से पार्टी में दावेदारों की फेहरिस्त पहले ही लंबी होती जा रही है। पार्टी हाईकमान ने दोनों राज्यों में आगामी लोकसभा चुनावों के दौरान नफा-नुकसान को देखते हुए नए चेहरों को सीएम पद पर आसीन किया है। दोनों ही नए सीएम संघ से पुराने जुड़े हुए हैं। पार्टी ने सीएम बनाते समय संघ को पूरी तवज्जो दी है। राव भाजपा में शामिल होने के बावजूद पार्टी के रंग में पूरी तरह खुद को नहीं ढाल पाए।

#### बेटी के लिए टिकट का मिल सकता है ऑफर

दक्षिणी हरियाणा के वरिष्ठ और सफल नेता होने के नाते पार्टी उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए उम्र को देखते हुए उनके स्थान पर बेटी आरती राव को टिकट की पेशकश कर सकती है। यह भी जरूरी नहीं है कि आरती को सीधे लोकसभा की टिकट दी जाए। उन्हें विधानसभा चुनाव के लिए भी टिकट की पेशकश की जा सकती है, परंतु हलके का चयन पार्टी अपनी मर्जी के मुताबिक ही कर सकती है। राव के लिए आगामी चुनावों में गत विधानसभा चुनावों की तरह खुलकर टिकट का निर्णय का मौका शायद ही पार्टी दे पाए। बेटी की टिकट पक्की करना ही चुनौती बन सकता है।

#### तेजी से बढ़ाई राजनीतिक विरोधियों की संख्या

राव ने राजनीतिक विरोधियों की संख्या बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। गत विधानसभा चुनावों में जब अहीरवाल के कई हलकों में टिकट कमान भाजपा ने राव इंद्रजीत सिंह को सौंपी थी, तो टिकट की आस लगाए बैठे उनके कई पुराने और वफादार समर्थक हाथ मलते रह गए थे। ऐसे खास समर्थकों की नाराजगी अभी तक दूर नहीं हो सकी है। इस बार भी कई समर्थक राव से भाजपा की टिकट दिलवाने की उम्मीद लगाए बैठे हैं, परंतु फिलहाल उनकी खुद की टिकट पर संकट के बादल छाए हुए हैं। राव को मात देने के लिए पार्टी का बड़ा ग्रुप मौके के इंतजार में बैठा हुआ है।

## बार चुनाव में पहचान पत्र लाना होगा अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला बार एसोसिएशन के 15 दिसंबर को होने वाले वार्षिक चुनाव को देखते हुए चुनाव समिति ने कई दिशा निर्देश जारी किए है, जिसके तहत मतदाता अधिवक्ताओं को मतदान के लिए अपने साथ बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा या जिला बार एसोसिएशन की ओर से जारी किया हुआ पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। चुनाव समिति के सदस्य एडवोकेट अश्वनी तिवारी, सतीश डागर, चौधरी चरण सिंह, चंदन सिंह यादव व नरेश कुमार यादव ने बताया कि मतदान कक्ष में मोबाइल एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का प्रयोग वर्जित है, यदि कोई भी मतदाता ऐसा करते पाया गया तो मतदान करने से वंचित कर दिया जाएगा। मतदान का समय सुबह 9 बजे से 4 बजे तक रहेगा। मतदान ईवीएम मशीन से कराया जाएगा। चुनाव अधिकारी ने बताया कि मतदान के लिए जिला बार रूम में तीन बूथ बनाए जाएंगे, जिसमें पहले बूथ पर मतदाता संख्या 1 से लेकर 500 तक तथा बूथ संख्या-2 पर 501 से लेकर 1100 तक तथा बूथ संख्या-3 पर 1101 से 1729 तक के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### चोरों ने घर के बाहर खड़ी बाइक उड़ाई

**रेवाड़ी।** सेक्टर-3 में चोर एक घर के बाहर खड़ी बाइक लेकर फरार हो गए। पुलिस को दर्ज शिकायत में आनंदेश ने बताया कि वह किराए के मकान में रह रहा है। उसने रात को अपनी बाइक लॉक करके घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह जब वह उठकर बाहर आया तो उसे बाइक गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### बस की टक्कर से टैंपो चालक सहित दो घायल

**धारूहेड़ा।** हीरो कंपनी से भिवाड़ी जा रहे एक टैंपो को बस ने टक्कर मार दी, जिससे चालक सहित दो लोग घायल हो गए। पुलिस बयान में जयपुर के विराट नगर निवासी हनुमान ने बताया कि वह मुनीम कृष्ण के साथ टैंपो में खाली कैरेट लेकर भिवाड़ी के लिए रवाना हुआ था। थोड़ा आगे चलते ही एक बस ने टैंपो को टक्कर मार दी, जिससे वह दोनों घायल हो गए। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### मारपीट व धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने कनुका में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर गत 6 सितंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने गांव निवासी सुरेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### अपहरण के प्रयास में दो आरोपी गिरफ्तार

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने मारपीट और अपहरण के प्रयास में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 24 सितंबर को कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने गुरूग्राम के हयातपुर निवासी चरण सिंह व संजय को गिरफ्तार किया है।

### बिजली की मोटर व केबल चोरी का आरोपी काबू

**जाटूसाना।** पाल्हावास में अक्टूबर माह में हुई 8 किसानों के नलकूपों की केबल व एक मोटर चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गांव के इंद्रजीत की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी।

## सहकारिता मंत्री ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम में दिया जन जागरूकता का संदेश

# रंग ला रहा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, जिले का लिंगानुपात सुधरा

हर फील्ड में बेटियां अपना लोहा मनवा रही हैं और बेटियों को बोझ समझने वालों को करारा जवाब दे रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि दक्षिणी हरियाणा के एनसीआर जिले रेवाड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ मुहिम रंग ला रही है, जिसके परिणाम स्वरूप लोगों में जागरूकता बढ़ने के साथ-साथ लिंगानुपात में भी सुधार दर्ज किया गया है। वर्तमान में जिले का लिंगानुपात 913 है, जिसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल मंगलवार को बाल भवन परिसर में हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रमों की श्रृंखला में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। सहकारिता मंत्री ने कहा कि साल 2015 में जब प्रधानमंत्री की ओर से हरियाणा के जिला पानीपत से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत की थी उस समय रेवाड़ी जिले में एक हजार लडकों के मुकाबले लड़कियों की संख्या महज 837 थी, जो अब बढ़कर एक हजार लडकों के मुकाबले 913 हो गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र व हरियाणा सरकार की ओर से महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से लोगों को बेटा-बेटी में फर्क न करने के बारे में जागरूक किया जा रहा है। वैसे भी हर क्षेत्र में देखा जाए तो बेटियां, बेटों की तरह काम कर रही हैं। हर फील्ड में बेटियां अपना लोहा मनवा रही हैं और बेटियों को बोझ समझने वालों को करारा जवाब दे रही हैं।



रेवाड़ी। बेटियों को सम्मानित करते सहकारिता मंत्री व कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं।



### लड़कियों की फीस माफी का निर्णय

सहकारिता मंत्री ने कहा कि सरकार की ओर से भी बेटियों को प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से विभिन्न माध्यमों से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

सुकन्या समृद्धि योजना के तहत डाकघरों या राष्ट्रीयकृत बैंकों में खाता खोलने पर बच्ची को ब्याज दर ज्यादा मिलती है। बेटियों को स्कूल से अनुपस्थित रहने या ड्राप आउट न करना पड़े, इसके लिए भी विभाग की ओर से व्यवस्था की गई है। उन्होंने प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को शिक्षित करने के उद्देश्य से निजी और सरकारी कॉलेजों में पढ़ने वाली लड़कियों की फीस माफ करने की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार का यह फैसला बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के संकल्प को साकार करने वाला है। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### सहकारिता मंत्री ने बेटियों का किया सम्मान

इस अवसर पर सहकारिता मंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मेधावी बेटियों व महिलाओं निर्मला, संजना, यशिका, सानिया, पेप्सी, प्रियंका, शर्मिला, प्रमिला, पूजा, कमलेश कुमारी, अनुप्रिया, ईशा, विजेता, हिरल, ढुआ, काव्या, तान्या, सोनम, कुसुम व मीनाक्षी को सम्मानित किया।

### यह रहे कार्यक्रम में मौजूद

एसडीएम होशियार सिंह, नपा बावल के वाइस चेयरमैन अर्जुन चौकन, बावल मंडल अध्यक्ष भाजपा अमरजीत, जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव, सीएमओ डा. सुरेंद्र, जिला बाल संरक्षण अधिकारी दीपिका यादव व जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



रेवाड़ी। प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। फोटो :हरिभूमि

### पदक विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**कोसली।** राजीव गांधी खेल परिसर कोसली में कार्यक्रम का आयोजन कर क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोसली के प्राचार्य दयानंद भारद्वाज थे तथा अध्यक्षता कोसली के सरपंच रामकिशन जांगड़ा ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर डा. सतवीर इंदौरा व डा. महावीर सिंह उपस्थित थे। कपूर सिंह डीपी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में जूनियर नेशनल 600 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने वाले देव, हरियाणा खेल महाकुंभ में 100 मीटर में कांस्य पदक विजेता आरती, सरजीत 1500 मीटर दौड़ में कांस्य पदक और खेतानाथ हाई जंप में रजत पदक विजेता को सम्मानित किया गया। प्राचार्य दयानंद भारद्वाज ने कहा कि जीवन में खेलों का बड़ा महत्व है। इसलिए खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम में वीरेंद्र सिंह, अनिल पंच व संजय डीपी सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग और खिलाड़ी उपस्थित थे।



### डा. मोहन के एमपी के मुख्यमंत्री बनने पर खुशी मनाई

**नाहड़।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को डा. मोहन यादव के मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री बनने पर मिठाई बांटकर खुशी मनाई। कार्यकर्ताओं ने भाजपा के वरिष्ठ नेता वीर कुमार यादव के नठेड़ा स्थित निवास पर खुशी जाहिर की। वीरकुमार ने मोबाइल पर मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनने पर शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर जिला पार्षद जीवन हितेषी, जिला पार्षद सुरेंद्र माड़िया, सरपंच नरेंद्र सिंह, गोविंद सरपंच बांस, सरपंच मनोज कुमार, सुमेर सिंह यादव, अशोक ब्लॉक पार्षद, भाजपा नेता सुरेंद्र पूर्व सरपंच, युद्धवीर यादव, प्रेमप्रकाश नाहड़, राजकुमार नठेड़ा, श्री भगवान यादव, हंसराज, विनोद कुमार यादव, अशोक बोहरा, पूर्व सरपंच इंद्रजीत, अनिल पंच नरेन्द्र पीटीआई व छोटू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं की पूजा-अर्चना

**रेवाड़ी।** साल के अंत में आने वाली अमावस्या को भोमवती अमावस्या के नाम से जाना जाता है। मंगलवार को साल की आखिरी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने दैनिक कार्यों से निवृत्त होकर व्रत रखते हुए पूरे विधि-विधान के अनुसार हनुमानजी की पूजा कर परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना भी की। श्रद्धालुओं ने अपनी सामर्थ्यनुसार दान भी दिया। कहा जाता है कि दान करने से पितर खुश होते हैं, जिससे उन्नति के मार्ग खुलते हैं। धन, सुख, समृद्धि, वंश आदि में वृद्धि होती है। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि भोमवती अमावस्या का बड़ा ही महत्व है। इस अमावस्या को तर्पण व कर्ज से मुक्ति के लिए बहुत खास माना गया है।



रेवाड़ी। विजेता खिलाड़ी निदेशक व कोच के साथ। फोटो :हरिभूमि

### राज स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में लहराया परचम

**रेवाड़ी।** राज इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने सीबीएसई की ओर से आयोजित राष्ट्रीय ताइक्वांडों प्रतियोगिता में सफलता का परचम लहराया है। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन नोएडा के गगन पब्लिक स्कूल में 23 से 26 नवंबर तक किया गया। ताइक्वांडों चैंपियनशिप में अंडर-17 की 49 किलोग्राम श्रेणी में राजियन अर्चिका ने स्वर्ण पदक व तुषार ने कांस्य पदक हासिल किया। अंडर-17 की 45 किलोग्राम श्रेणी में विपुल ने कांस्य पदक एवं संस्कृति ने अंडर-19 की 46 किलोग्राम श्रेणी में कांस्य पदक जीता। स्कूल चेयरमैन राजेंद्र सैनी ने सभी खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। स्कूल निदेशक नवीन सैनी, जितेंद्र सैनी और हेमंत सैनी ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया और ताइक्वांडों कोच कुनाल व दिनेश को शानदार जीत की बधाई दी।

## जेपीएस ने आठ गोल्ड सहित 15 मेडलों पर किया कब्जा

- मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को विद्यालय परिसर में सम्मानित किया
- खेल कोच रजनी गुप्ता व दीपक पंडित सहित शारीरिक शिक्षा विभाग के कार्यों की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जैन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अलग-अलग स्थानों पर आयोजित प्रतियोगिताओं में मेडल जीतकर कीर्तिमान बनाया है। जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को विद्यालय परिसर में सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए प्रबंधन समिति ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने बताया कि दिल्ली, करनाल व रेवाड़ी में आयोजित प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने आठ स्वर्ण पदक सहित 15 पदक प्राप्त किए। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित कराटे प्रतियोगिता में नवीं कक्षा के नतांश ने 70 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। करनाल में आयोजित प्रदेश स्तरीय खेल महाकुंभ में स्कूल की छात्रा अक्षिता को टेबेल टेनिस प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त हुआ। इसके अलावा डीपीएस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित दूसरी जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में 13 पदक प्राप्क हुए। अक्षिता, पुलकित, हर्ष, हर्षित ने स्वर्ण पदक, पुलिकत शर्मा, अंश व दिव्या ने रजत पदक तथा अनुष्का व तृप्ति ने कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रधानाचार्य सोनल छाबड़ा व उप प्रधानाचार्या विजय गुप्ता ने खिलाड़ियों प्रोत्साहित करते हुए खेल कोच रजनी गुप्ता व दीपक पंडित सहित शारीरिक शिक्षा विभाग के कार्यों की सराहना की। इस मौके पर शारीरिक शिक्षा विभाग से देवेंद्र यादव, निशा यादव व जितेंद्र सिंह उपस्थित थे।




रेवाड़ी। विजेता खिलाड़ी शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

## कैबिनेट मंत्री को औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं से अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

लघु उद्योग भारती जिला शाखा के पदाधिकारियों ने मंगलवार को कैबिनेट मंत्री डा. बनवारी लाल से मुलाकात की। उन्होंने एमएसएमई इंडस्ट्री को बावल के ए ब्लॉक से बी ब्लॉक में स्थानांतरित करने, बावल इंडस्ट्रीयल एरिये में सार्वजनिक शौचालय बनवाने व जिले में एक नया औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने की मांग की। लघु उद्योग भारती के पदाधिकारियों ने नवनिर्मित रेवाड़ी-बावल मार्ग के लिए मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस मार्ग से वाहनों की गति में वृद्धि हो रही है, जिसके लिए बावल इंडसट्रियल एरिये में प्रवेश के लिए मिंडा कट के व्यस्त मार्ग पर लेफ्ट टर्न बाइपास लेन और राइट टर्न बाइपास लेन की भी सुविधा की जाए ताकि इंडस्ट्रीयल एरिये में काम करने वाले कर्मचारियों व आमजन को सुरक्षा मिल सके। उन्होंने एसएचआईआईडीसी इंडस्ट्रियल एरिये कचरा प्रबंधन के लिए उपयुक्त स्थान निर्धारित करने, मार्ग पर साइन बोर्ड लगाने व रोड मार्किंग सहित अन्य व्यवस्था को लेकर भी विचार विमर्श किया। शाखा पदाधिकारियों ने सहकारिता मंत्री को स्मृति चिन्ह व पुष्प गुच्छ भी भेंट किया। इस अवसर पर शाखा के प्रधान संजय डाटा, सह सचिव रोहित सचदेवा, विनोद जोशी, शुभम अग्रवाल, प्रांजल डाटा व आदित्य डाटा मौजूद थे।



रेवाड़ी। सहकारिता मंत्री को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए।

## बीआरसी में कर्मयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

राज्य सरकार की ओर से सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को नैतिकता का पाठ पढ़ने के लिए मंगलवार को बीआरसी में एक दिवसीय कर्मयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डाइट प्राचार्य सुभाष चंद्र ने की। शिक्षा विभाग के सभी 4212 अधिकारी व कर्मचारियों को यह प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी रेवाड़ी सतपाल धूपिया ने प्रशिक्षकों को ड्यूटी के प्रति जवाब देही, ईमानदारी, व्यवहार में परिवर्तन व नैतिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए अपना कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। सुभाष चंद्र ने कहा कि मिशन कर्मयोगी क्षमता विकास की दिशा में अपनी तरह का एक नया प्रयोग है। इस मिशन के माध्यम से सरकारी कर्मचारियों को अपनी सोच एवं दृष्टिकोण को आधुनिक बनाना है तथा अपने कौशलों को और बेहतर करना है।



## बेरली खुर्द स्कूल का रहा दबदबा

- खंड स्तरीय गीता जयंती महोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाटूसाना

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाटूसाना में खंड स्तरीय गीता जयंती महोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने निबंध लेखन, गीता श्लोकोच्चारण, भाषण, संवाद, प्रश्नोत्तरी तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिताओं में शहीद दीपचंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरेली खुर्द के विद्यार्थियों का दबदबा रहा। दयाराम प्रवक्ता राजनीति विज्ञान ने बताया कि 6 से 8 वर्ग में निबंध लेखन में हर्ष तथा श्लोकोच्चारण में रितिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 9 से 12 वर्ग में भाषण में रचना ने प्रथम तथा साक्षी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। श्लोकोच्चारण में लक्ष्यता ने दूसरा तथा निबंध लेखन में मीनाक्षी ने दूसरा व कल्पना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग में प्रीत ने प्रथम तथा सागर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बच्चों की तैयारी में रेनू पीजीटी संस्कृत तथा कुसुमलता टीजीटी हिंदी का विशेष योगदान रहा। विद्यालय स्टाफ ने विजेताओं को सम्मानित किया। प्राचार्य राजेश कुमार ने बच्चों के भावी भविष्य की मंगलकामना की। विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था।




रेवाड़ी। विजेता विद्यार्थी शिक्षकों के साथ। फोटो :हरिभूमि



### सीहा स्कूल में डिजिटल मेले का आयोजन विद्यार्थियों ने रोचक मॉडल बनाएं

**नांगल मूंदी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा में अरावली सदन तथा टेक क्लब के संयुक्त तत्वावधान में डिजिटल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें जूनियर तथा सीनियर वर्ग के करीब तीन दर्जन प्रतिभागियों ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय प्रभारी प्राचार्य प्रह्लाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित मेले का उद्घाटन एसएमसी प्रधान नरेश कुमार ने किया। मेले की संयोजक कंप्यूटर साइंस प्राध्यापिका प्रियंका यादव ने बताया कि क्लब के प्रतिनिधियों ने डिजिटल क्रांति के विभिन्न माध्यमों को इस मेले में मॉडल्स, रंगोली, स्लोगन, स्किट, पोस्टर, पीपीटी व रोल प्ले के माध्यमों से प्रमुखता से प्रदर्शित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कंप्यूटर, कंप्यूटेशन, टैब, मोड्स ऑफ कम्युनिकेशन, साइबर सिक्योरिटी, सोशल मीडिया ब्राउजर तथा की-बोर्ड्स पर केंद्रित रोचक मॉडल प्रदर्शित किए। मेले के आयोजन में क्लब से जुड़े अध्यापक शशि कपूर, शक्ति सिंह, प्रियंका कुमारी, प्रदीप चौहान, लक्ष्मी यादव व अनीता देवी ने योगदान दिया। इस मौके पर प्रभारी यशपाल आर्य, संयोजक विजयपाल सिंह, सदस्य सुनीता देवी, पिंकी देवी व प्रदीप चौहान सहित समस्त स्टॉफ व विद्यार्थी मौजूद थे।

## भारत संकल्प यात्रा गांव बुढ़पुर, गोकलपुर, बाबडौली, भैरमपुर, हुसैनपुर, खोरी में पहुंची

# योजनाओं का लाभ देने की गारंटी के साथ गांवों में पहुंच रही यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी/कोसली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने की गारंटी के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद मंगलवार को जिले के गांव बुढ़पुर, गोकलपुर, बाबडौली, भैरमपुर, हुसैनपुर, खोरी तथा नगर पालिका क्षेत्र में पहुंची और लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ देते हुए जागरूक किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की सेवाओं से आमजन को लाभांवित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी दी गई। कोसली विधानसभा क्षेत्र के गांव बाबडौली व भैरमपुर में पहुंचने पर विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने यात्रा का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार की ओर से शुरू की गई।



रेवाड़ी। गैस कनेक्शन वितरित करते कोसली विधायक। फोटो :हरिभूमि

### स्टॉलों से दिया विभिन्न सेवाओं का लाभ

इस अवसर पर नपा चेयरमैन कंवर सिंह ने डा. सतीश खोला को धारूहेड़ा की विभिन्न मांगों से संबंधित मांग पत्र सौंपा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ओर से 18 स्टॉल लगाए गए थे, जिनके माध्यम से 10 उज्ज्वला गैस कनेक्शन, 10 पेंशन लाभ, 27 बीपीएल व 6 गुलाबी कार्ड, 25 परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां ठीक की गई, 14 आधार कार्ड अपडेट सहित 165 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस मौके पर उप प्रधान अजय जांगड़ा, पार्षद नानक, सरोज बाला, कमलेश, त्रिलोक, राहुल, मंडलाध्यक्ष मनोज सैनी, रामपाल यादव, अशोक कोसलिया, अत्तर पांचाल, ईश्वर, सुरेश सैनी, डीएमसी उदय सिंह, सचिव प्रवीण कुमार, पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह यादव, संयोजक बलजीत यादव, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हुकमचंद यादव, रामपाल यादव, सरपंच आशा, अमित यादव, जसवंत नंबरदार, राजकुमार जलवा, बिक्रम यादव, भीम सिंह, संजय कुमार, सोनू, बीडीपीओ अंकित चौहान, सोनू कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व अधिकारी मौजूद थे।

### देश-प्रदेश उन्नति के पथ पर अग्रसर

गांव बुढ़पुर व गोकलपुर में हरियाणा पर्यटन निगम के चेयरमैन डा. अरविंद यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से देश-प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का दौर शुरू हुआ है, जिसके परिणाम स्वरूप अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि कोई पात्र व्यक्ति किसी वजह से सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाए हैं तो वह अब इस यात्रा के दौरान अपने गांव में ही आवेदन कर योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। नगर पालिका धारूहेड़ा क्षेत्र में पीपीपी कोओर्डिनेटर डा. सतीश खोला ने यात्रा का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से पहुंच रहा है।